तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 11 सितंबर 2025


विकसित भारत 2047 का सपना बस्तर का योगदान ... 10


साइंस कैम्प में रसायन विज्ञान के प्रयोगों से छात्रों में ... 11



## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय बस्तर प्रवास पर रहेंगे आज

**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को बस्तर जिले के



एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। वे जगदलपुर के एक निजी होटल में आयोजित छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट बस्तर में शामिल होंगे। आड़ावाल में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

### डैशबोर्ड में डाटा एंट्री, संभाग स्तरीय प्रशिक्षण देंगे 12 को

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ अंजोर विजन 2047 तथा डिस्ट्रिक्ट इंडिकेटर फ्रेमवर्क के संबंध में जिला स्तरीय उन्मुखीकरण, सतत विकास लक्ष्य संकेतकों की गणना विधियों तथा सतत विकास लक्ष्य डैशबोर्ड में अद्यतन डाटा एंट्री करने के संबंध में एक दिवसीय संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 12 सितम्बर को सुबह 10 बजे से इंदिरा गाँधी कृषि महाविद्यालय परिसर कुम्हरावण्ड के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण राज्य नीति आयोग, छत्तीसगढ़ के टीम द्वारा प्रदान किया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट बस्तर में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट बस्तर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को जगदलपुर के एक निजी होटल में किया जाएगा। छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट बस्तर में इसके साथ ही उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, भोजराज नाग, विधायक किरण देव, छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल भी शामिल होंगे।

### कौंसिल ने दी ग्रामीणों को राहत सामग्री



**जगदलपुर।** एलियल बाइबल प्रचार मिशन कौंसिल द्वारा संस्था प्रमुख बिशप रेव्ह. विजय थोबी के नेतृत्व में लोहंडीगुड़ा तहसील के ग्राम में मांदर के लिए राहत सामग्री अपर कलेक्टर के माध्यम से पहुंचाई गई। जिसमें चावल, दाल, बड़ी, आलू, प्याज, साड़ी, टॉवल, लूंगी बनियान प्रदान किया और बाढ़ पीड़ितों एवं उनके परिवार जनों के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर रेव्ह. सुभाष बघेल, गिरधर मौर्य, नरेश कुमार थोबी, जीवन दास वह अन्य उपस्थित रहे। इसकी जानकारी अनिमेष दास द्वारा दी गई।

### बकावंड में आयोजित हुआ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर



**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड मे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय बसाक के दिशा निर्देश चिकित्सालय डिमरापाल के अधिकारी, कर्मचारियों के सहयोग से शिविर किया गया। जिसने डॉ. दुष्यंत सोनवानी (प्रदर्शक), रिता एक्का, श्रीमती स्मृता स्वामी, प्रताप कश्यप, श्रीसुरेश पोयाम दिनेश पोयाम , लक्ष्मी नारायण शर्मा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉ. गजेन्द्र सेठिया, अनतराम, चिनुराम, गोलूराम, ओमप्रकाश, चिराम, लल्लूराम सहित कर्मचारी, अधिकारी उपस्थित हुए। यह जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड के पर्यवेक्षक दिनेश पराते ने दी है।

# न तो पंचायत कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ेंगे, न ही सूचनाओं पर निर्भर रहना होगा

## मील का पत्थर साबित हो रही मनरेगा योजना, बकावंड की 93 पंचायतों में क्यूआर कोड सुविधा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ में केंद्र सरकार की मनरेगा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन जारी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के लिए यह योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। जिला बस्तर के विकासखंड बकावंड में इस योजना को अधिक पारदर्शी और प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए नई पहल की जा रही है। विकासखंड की सभी 93 पंचायतों में क्यूआर कोड आधारित नई प्रणाली शुरू की गई है, जिसके जरिए ग्रामीण अपने गांव में पिछले पांच वर्षों में स्वीकृत व्यक्तिगत और सामुदायिक कार्यों की जानकारी तुरंत प्राप्त कर सकेंगे। स्मार्टफोन से क्यूआर कोड स्कैन करते ही



### नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी अर्थव्यवस्था

*इससे योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी, ग्रामीणों में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा मिलेगा और सामुदायिक निगरानी मजबूत होगी। प्रशासन का विश्वास है कि यह पहल सूचना के लोकतंत्रीकरण की दिशा में बड़ा कदम साबित होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।*

कार्य का विवरण, व्यय और प्रगति जैसी सूचनाएं उपलब्ध होंगी। बकावंड विकासखंड में मनरेगा के लिए यह पहल केंद्र सरकार की डिजिटल इंडिया और राज्य सरकार की पारदर्शिता नीति का हिस्सा है। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को विकास की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनाना और योजनाओं की निगरानी का अधिकार देना है। अब ग्रामीणों को जानकारी के लिए न तो पंचायत कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ेंगे और न ही अधूरी सूचनाओं पर निर्भर रहना होगा। सितंबर से बकावंड विकासखंड के सभी पंचायतों में क्यूआर कोड लगाए जा रहे हैं। यह प्रणाली न केवल समय और श्रम की बचत करेगी, बल्कि ग्रामीणों को तकनीकी ▶▶ शेष पेज 10 पर

## सरकार के सहयोग बिना क्षतिग्रस्त पुलिया को ग्रामीण श्रमदान से कर रहे ठीक

# 25 वर्ष पहले 25 लाख से बनी पुलिया 25 अगस्त को भारी बारिश में बह गई

अनिल सामंत ▶▶ जगदलपुर



अलग खबर

2001 याने 25 वर्ष पहले लगभग 25 लाख खर्च कर सुदूर गांव ढोढरेपाल में बनी पहुंच मार्ग पुलिया 25 अगस्त को बस्तर में भारी बारिश और बाढ़ से बह गई। इस एकमात्र पुलिया के भरोसे उस क्षेत्र के 9 पंचायत के हजारो ग्रामीणों को 10 कि मी अतिरिक्त पैदल चलना पड़ रहा है।

- पुलिया के बाढ़ से धसकने से दर्जनों पंचायत के हजारो ग्रामीणों को 10 किमी अतिरिक्त पैदल जाना पड़ रहा

बास्तानार और दरभा विकास खण्ड के सीमा पर स्थित ग्राम अलवा और ढोढरेपाल पंचायत में साम्मलित पहुंच लाभग 50 मीटर लंबे और 7 मीटर चौड़ी पुलिया 25 अगस्त को बस्तर में भारी बारिश और बाढ़ से पुलिया का एक हिसा पूरी तरह बह गई। जबकि दूसरे हिस्सा का पहुंच मार्ग पुलिया से अलग हो गया। इस घटना के बाद दो सप्ताह से ज्यादा दिनों से क्षेत्र के आधा दर्जन पंचायत के हजारो लोगो का सम्पर्क जिला मुख्यालय से टूट गया। इस समस्या के कारण ग्रामीणों को ब्लाक मुख्यालय, जिला मुख्यालय और आसपास के साप्ताहिक हाट-बजार पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। स्कूली बच्चों को स्कूल आने-जाने ने समस्या हो रही है। ऐसे में दरभा नगर मंडल के अध्यक्ष देवीप्रसाद बेंजाम और भाजपा शक्ति केंद्र प्रभारी फगनुराम कश्यप ने आसपास के ग्रामीणों और उस मार्ग से गुजरने वाले ▶▶ शेष पेज 10 पर

### 17 दिन से कई गांवों का कटा है संपर्क

पुलिया टूटने से बास्तानार और दरभा विकास खंड के ग्राम पंचायत कटेनार,केलाउर,चिंगीतरई,पखनार,बोदेनार, बिसपुर,कोइकीकारी,डिलमिली,चितापुर पंचायत जिला मुख्यालय और विकासखंड मुख्यालय से 17 दिनों से कटे है। इन पंचायतों के हजारों लोगों को लगभग 10 किमी अतिरिक्त दूरी तय कर रास्ट्रीय राजमार्ग पहुंच रहे है। ग्रामीणों को ढोढरेपाल, गुडरा, कटेनार,केलाउर, गूमड़पाल,मामडपाल होकर रास्ट्रीय राजमार्ग स्थित केशलूर पहुंच रहे है।

### 10 ट्रैक्टर एक जेसीबी और एक डोजर से किया जा रहा मरम्मत कार्य

ढोढरेपाल के देवीसिंग ने कहा आसपास के 10 पंचायत के ग्रामीणों के स्वयं ट्रेक्टर,जेसीबी एवं डोजर वाहन के सहायता से मिट्टी भरने का काम किया जा रहा है। खास बात यह है,कि वाहन ने डीजल का खर्च भी वाहन मालिक अपने पैसे से उठा रहे है।

### इन ग्रामीणों का उलेखनीय योगदान

श्रमदान करने वाले ग्रामीणों ने देवीप्रसाद बेंजाम,फगनुराम कश्यप,दशरू पोड़याम,लछु कश्यप,दीपक कश्यप,बैजनाथ बाकडा,विशाल बेंजाम, नानी कश्यप,आयुतु,बेको,डमरू धरत,सुखराम धरत,मोंगडू कश्यप,सायबो मंडावी, मेहताब बघेल,डमरू नाग,लछिन्दर शार्दूल,खगेश्वर मांझी,हिड़मा मंडावी,कुलदास मांझी समेत अन्य सम्मलित है।

# 2 लाख का अवैध काष्ठ बरामद 1.3 घन मी. सागौन चिरान जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

वन संपदा की सुरक्षा और अवैध कटाई पर अंकुश लगाने के लिए डीएफओ अक्षय भोंसले के नेतृत्व में सुकमा वन परिक्षेत्र में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। 9 एवं 10 सितंबर को उप वनमंडलाधिकारी सुमेध सुरवाडे के निर्देशन तथा वन परिक्षेत्राधिकारी गुरुवचन सिंह के मार्गदर्शन में सघन छापामार कार्रवाई कर अवैध सागौन परिवहन एवं अवैध हाथ चिरान लकड़ी का बड़ा भंडाफोड़ किया गया।

इस अभियान के तहत 10 नग सागौन हाथ चिरान 0.162 घन मीटर से भरा एक ऑटो जब्त किया गया। साथ ही सुकमा नगर में संचालित रवि फर्नीचर मार्ट, गोल्डन फर्नीचर मार्ट और नंदिनी फर्नीचर मार्ट में छापे मारकर 61 नग अवैध हाथ चिरान लगभग 1.138 घन मीटर, अवैध मशीनें एवं औजार बरामद किए गए।



### कार्रवाई में ये रहे शामिल

कार्रवाई में वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसमें स्टाफ सदस्य कमलोचन कश्यप, विमल कालोनी, रामप्रसाद टेकाम, राजू सोड़ी, ईश्वर मौर्य, केवल प्रसाद नेगी, हरीश पदामी, इरामती मण्डावी सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

पूरी कार्रवाई में कुल 71 नग अवैध सागौन हाथ चिरान लगभग 1.3 घन मीटर जब्त कर नियमानुसार प्रकरण दर्ज किया गया। जब्त सागौन की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 2 लाख रुपए आंकी गई है।

# बसों के दस्तावेज, फिटनेस और रेट लिस्ट की बारीकी से की गई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

यात्रियों की सुरक्षा और सुव्यवस्थित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए यात्री बसों की व्यापक जांच अभियान चलाया। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी एसबी रावटे के नेतृत्व में बुधवार को सुकमा मुख्यालय में बसों के दस्तावेज, फिटनेस, बीमा, फर्स्ट एड किट और रेट लिस्ट की बारीकी से जांच की गई।

- 90 हजार का ऑनलाइन भुगतान करवाया
- नियमों का पालन न करने वालों पर त्वरित कार्रवाई

जांच के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर संबंधित बस संचालक पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया और सुधार के लिए निर्देश दिए गए। साथ ही नियमानुसार



### यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि: कलेक्टर

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि कहीं से भी लापरवाही की शिकायत मिलती है, तो प्रशासन तत्काल कार्रवाई करेगा। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा ताकि सभी यात्री बसें नियमों के अनुरूप चलें और यात्रियों को सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित हो।

परमिट टैक्स 90 हजार 500 रुपये का ऑनलाइन भुगतान सुनिश्चित कराया गया। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि यात्रियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# अवैध रूप से कचरा फेंकने वाहन मालिक पर 25 हजार का जुर्माना





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

नगर निगम शहर की सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए महापौर संजय पाण्डे के मार्गदर्शन में लगातार सघन निरीक्षण कर रहा है। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी कड़ी में एयरपोर्ट रोड किनारे एक वाहन चालक द्वारा बिना अनुमति कचरा खाली किया जा रहा था। मौके पर मौजूद बोधघाट थाना प्रभारी ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को जब्त किया। इसके साथ ही निगम की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन मालिक पर 25 हजार का आर्थिक दंड लगाया। नगर निगम ने यह भी स्पष्ट किया है कि भविष्य में यदि कोई नागरिक, ▶▶ शेष पेज 10 पर

- शहर को स्वच्छ रखने नगर निगम की सख्ती

# पतागुडेम फॉरेस्ट नाका में बस से 5 किलो गांजा पकड़ा गया, 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपालपटनम

महाराष्ट्र की गढ़चिरोली जिले के सिरोंचा तहसील अंतर्गत पतागुडेम थाना प्रभारी मंगेश कोठावले के नेतृत्व में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी का खुलासा किया। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सीमा पर स्थित पतागुडेम फॉरेस्ट नाका पर की गई। जहां देर रात लगभग 11.30 से 12 बजे के बीच एक यात्री बस की जांच के दौरान 4 से 5 किलो गांजा बरामद किया गया।

- महाराष्ट्र पुलिस की सतर्कता से तस्करी नाकाम

मिली जानकारी के अनुसार कृष्णा ट्रैवल्स की बस क्रमांक सीजी 16 सीएस 9099 जो जगदलपुर से हैदराबाद जाती है, उसे नियमित





जांच के लिए पतागुडेम फॉरेस्ट नाका पर रोका गया। जब पुलिस ने बस की तलाशी ली तो लगभग 4-5 किलो गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने मौके पर ही दो बस चालक रवि विश्वकर्मा बीजापुर व वरुण सोढ़ी मद्देड़ और एक यात्री पीशु पूनेम रानीबोदली को गिरफ्तार कर लिया। ज्ञात हो कि महाराष्ट्र राज्य के गढ़चिरौली जिले में शराबबंदी लागू है, और गांजा जैसे मादक पदार्थों की तस्करी पर पुलिस की पैनी नजर रहती है। पतागुडेम गांव एक सीमा क्षेत्र में स्थित है, जहां इंद्रावती नदी महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ को अलग करती है। इस भौगोलिक स्थिति के कारण यह इलाका तस्करी की दृष्टि से संवेदनशील माना जाता है। पुलिस ने बस को कब्जे में लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है और ▶▶ शेष पेज 10 पर

## बारसी उतारनी रस्म के साथ शुरू हुआ विशाल रथ निर्माण का कार्य

# बकरे की बलि देकर की गई बारसी उतारनी रस्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

विश्व विख्यात बस्तर दशहरा पर्व में परिक्रमा करने विशाल रथ का निर्माण कार्य बुधवार को बारसी उतारनी रस्म के साथ प्रारम्भ कर दिया गया। तीसरे प्रमुख अनुष्ठान बारसी उतारनी रस्म आज विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। यह रस्म 75 दिनों तक चलने वाले इस अनूठे त्योहार में रथ निर्माण की शुरूआत का प्रतीक है। बस्तर के ऐतिहासिक दशहरा में इस रस्म का विशेष महत्व है जिसमें रथ बनाने के लिए उपयोग होने वाले पारंपरिक औजारों बारसी,

- रथ निर्माण में बिधंना, मुटला बसूला, टंगिया कुढ़ार और बढ़ई के औजार का प्रयोग



कुल्हाड़ी, हथौड़ा आदि की पूजा की जाती है। रस्म से पूर्व रथ के पहिए के लिए निर्माण होने वाली लकड़ी की विधिवत पूजा अर्चना रथ निर्माताओं द्वारा की गई। इस दौरान लकड़ी के उपर पारम्परिक औजारों को रखकर पूजा की गई तत्पश्चात बकरे की बलि देकर शराब का तर्पण किया गया।

गौरतलब है कि बस्तर के अलग अलग परगना व के लोगों द्वारा रियासतकालिन परम्पराओं का निर्वहन अब भी किया जाता है। विशाल रथ के निर्माण के दौरान लगने वाली अलग अलग लकड़ियों को उन्ही गावों के लोग प्रतिवर्ष लाते हैं जिन्हें रियासतकाल में यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी। रथ निर्माण के लिए लकड़ी माचकोट, कागेंर व दरभा क्षेत्र से लाया जाता है। रथ निर्माण के लिए वन विभाग की मौजूदगी में जंगल से साल और तिनसा जाति के लकड़ियों का चयन करके काटा ▶▶ शेष पेज 10 पर

### ग्रामीण कारीगरों की कुशलता का बेजोड़ नमूना

शुक्रवार को रथ निर्माण की पहली रस्म बारसी उतरानी के साथ ही भव्य रथ का निर्माण शुरू कर दिया गया। रथ निर्माताओं की कुशल कारीगरी का बेजोड़ नमूना यहां देखने को मिलता है जब इनके द्वारा पारम्परिक औजारों से विशालकाय दुमंजिला काष्ठ रथों का निर्माण किया जाता है। इस मशीनी युग के बावजूद शताब्दियों से चली आ रही परम्परा का निर्वहन करते हुए पारम्परिक औजारों से विशालकाय काष्ठ रथ का निर्माण किया जाता है। झार उमरगांव व बेड़ा उमरगांव के सैकड़ों कारीगर शताब्दी से रथ निमार्ण करने सिरहासार भवन पहुंचते है। कारीगर यहां पारम्परिक औजार लेकर तन और मन से रथ निर्माण में जुट जाते हैं। रथ बनाने वाले कारीगर रथ निर्माण में देशी औजारों का प्रयोग करते हैं। इसमें मुख्य रूप से बारसी, बिधंना, मुटला, बसूला, टंगिया, कुदार तथा बढ़ई के द्वारा उपयोग करने वाले औजारों का उपयोग किया जाता हैं।

# कॉलेज की सीलिंग छात्रा के ऊपर गिरी, घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को महाविद्यालय प्रशासन द्वारा रजत जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य सेमिनार का आयोजन किया गया। विकसित छत्तीसगढ़ 2047 विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीनिवास राव मद्दी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान अचानक ऑडिटोरियम की जर्जर

- शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर कालेज में रजत जयंती कार्यक्रम के दौरान हुआ हादसा



छत से सीलिंग का एक बड़ा हिस्सा नीचे गिर पड़ा, जिससे बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा चांदनी कावड़े घायल हो गई। छात्रा के सिर पर गंभीर चोट आई, जिसके बाद उन्हें तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य सिंह बिसेन ने जानकारी देते हुए कहा कि एनएसयूआई ने 5 अगस्त को ही ▶▶ शेष पेज 10 पर

# 11 विभूतियों को बस्तर गौरव सम्मान से किया गया सम्मानित

## मेरा लक्ष्य, मेरा अभिमान कार्यक्रम, बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने मोहा सबका मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

फरसगांव स्थित शासकीय आदर्श माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में "मेरा लक्ष्य, मेरा अभिमान" कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित बस्तर गौरव सम्मान समारोह में लगभग 10,000 लोग जुटे। इनमें 5,000 से अधिक युवा और बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव रहे। अध्यक्षता विधायक नीलकंठ टेकाम ने की। विशिष्ट अतिथियों में सांसद भोजराज नाग, सांसद महेश कश्यप, मंत्री केदार कश्यप, विधायक लता उसेंडी, किरण सिंह देव, विक्रम देव उसेंडी, आशाराम नेताम, विनायक गोयल, चौतराम अटामी, सावित्री मंडावी, लखेश्वर बघेल, विक्रम मंडावी समेत अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। जैविक खेती और औषधीय पौधों के संरक्षण में विशेष योगदान देने वाले डॉ. राजाराम त्रिपाठी को 'बस्तर गौरव सम्मान' से नवाजा गया। सफेद मूसली, स्टीविया और काली मिर्च की उन्नत प्रजातियों के विकास ने हजारों किसानों की जिंदगी बदली है। आदिवासी समाज के उत्थान में उनके प्रयासों की सर्वत्र सराहना हुई।

### इनका हुआ सम्मान

सम्मानित होने वालों में पद्मश्री अजय मंडावी काष्ठ शिल्प, आईपीएस कमलोचन कश्यप, आईएएस महादेव कावरे, नम्रता जैन, राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त तीजूराम बघेल लौहकला, समाजसेवी खिलेश्वर जैन, पर्वतारोही नैना धाकड़ व्यवसायी संतोष जायसवाल, सुब्रत शाहा तथा सीजी मास्टर कलाक्षेत्र शामिल रहे।



### माटी से मिला सम्मान, जीवन का सबसे बड़ा सम्मान

कार्यक्रम के सूत्रधार नीलकंठ टेकाम ने कहा डॉ. त्रिपाठी ने न केवल बस्तर बल्कि पूरे देश को गौरवान्वित किया है। उनका योगदान धरती के सच्चे सपूत का उदाहरण है। सम्मान ग्रहण करते हुए डॉ. त्रिपाठी ने कहा – "देश–विदेश में सम्मान मिले, लेकिन अपनी माटी से मिला यह 'बस्तर गौरव सम्मान' मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है। इसे बस्तर की माटी और अपने आदिवासी भाइयों–बहनों को समर्पित करता हूँ। मंत्री केदार कश्यप ने युवाओं को प्रेरित किया। विधायक आशाराम नेताम ने युवाओं में जोश भरा। नैना धाकड़ ने अपनी संघर्ष यात्र सुनाकर छात्रओं को उत्साहित किया। सीजी मास्टर टीम ने अपने अनुभव साझा किए। स्थानीय छात्र–छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रक्तबीज नृत्य नाटिका और नशामुक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। संचालन विप्लव डे और डॉ. मधु तिवारी ने किया।

## खबर संक्षेप



### लड़के-लड़की ने पेड़ पर लगाई फांसी, सनसनी

**फरसगांव।** ब्लॉक के ग्राम पंचायत भोंगापाल के आश्रित ग्राम आलमेर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहाँ एक लड़के लड़की ने इमली के पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मिली जानकारी के मुताबिक मृतकों की पहचान संतलाल पिता गाजो उम्र 19 वर्ष निवासी पथरी पारा आलमेर और मृतका कांति नाग पिता बुकलू नाग उम्र 19 वर्ष निवासी आलमेर भोंगापाल के रूप में हुई है। ग्रामीण क्षेत्र की इस दर्दनाक घटना ने सभी को स्तब्ध कर दिया है। सुबह जब ग्रामीणों ने दोनों के शव पेड़ पर लटके देखे तो गांव में हड़कंप मच गया, तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । फिलहाल आत्महत्या के पीछे के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस की जांच पूरी होने के बाद ही साफ़ हो पाएगा कि आखिर युवाओं ने ऐसा कदम क्यों उठाया पूरी जांच के बाद ही खुलासा हो पाएगा। दोनों के शव को फरसगांव के चीरघर में रखा गया है।

### सोशल मीडिया में अभद्र टिप्पणी पर साहू व कलार समाज ने सौंपा ज्ञापन



**फरसगांव।** क्षेत्र के साहू समाज और कलार समाज के द्वारा बुधवार को उनके समाज पर फेसबुक करने वाले युवक के खिलाफ कार्रवाई हेतु फरसगांव थाने में शिकायत पत्र सौंपा है। मनोज कुमार मंडावी ग्राम पोस्ट बुदेली तहसील नरहरपुर जिला कांकेर के द्वारा अपने फेसबुक अकाउंड से कलार समाज और साहू समाज को जाति सूचक अभद्रता अश्लील एवं अमर्यादित आपत्तिजनक पोस्ट किया जा रहा है। जिससे दोनों समाज के लोग आक्रोशित है। जिन्होंने कार्रवाई हेतु शिकायत पत्र दिया है।

## सपनों को साकार करेंगे युवा, तब बनेगा विकसित छत्तीसगढ़ : शिव नारायण

# विकसित भारत 2047 का सपना बस्तर का योगदान होगा अहम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव 2025 के उपलक्ष्य में बुधवार को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का मुख्य विषय विकसित छत्तीसगढ़ 2047 में बस्तर का योगदान पर केंद्रित रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार,प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों की उत्साहपूर्वक सहभागिता रही। स्वागत उद्बोधन में डॉ मणिशंकर मिश्रा ने संगोष्ठी के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विकसित भारत का सपना केवल सरकार या किसी एक संस्था का नहीं,बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। हमें यह सोचना होगा कि आने वाले 20 वर्षों में हम अपनी व्यक्तिगत और सामूहिक भूमिका से देश को किस दिशा में ले जा सकते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो. शरद नेमा ने कहा कि विकसित भारत 2047 का सपना तभी पूरा होगा जब हर राज्य और हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी को समझे। उन्होंने कहा कि बस्तर की जैव विविधता और यहाँ की समृद्ध परंपराएँ हमारी पहचान हैं। प्रो. नेमा ने यह भी उल्लेख किया कि बस्तर में रहते हुए हम जितना स्थानीय संसाधनों का संरक्षण और उपयोग करेंगे, उतना ही हमारा योगदान राष्ट्रीय स्तर पर महत्त्वपूर्ण होगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा और नवाचार के माध्यम से विकास यात्रा को गति प्रदान करें। इस दौरान प्राधायपक डॉ संजय डोंगरे,डॉ समीर ठाकुर,डॉ अभिषेक अवस्थी सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक और बड़ी संख्या में विधार्थी सम्मलित थे।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिवनारायण पांडे,स्वतंत्र निदेशक, कोल इंडिया लिमिटेड (ईसीएल) ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि सपने हमेशा युवाओं से जुड़े होते हैं। जब युवा सपनों को पूरा करने की दिशा में कार्य करते हैं,तभी राज्य और देश विकसित बनता है। उन्होंने कहा कि पहले यहाँ आदिवासी अंचल में लोगों को बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता था,लेकिन आज सरकार ने गाँव-गाँव तक बिजली पहुँचा दी है। यह हमारी प्रगति और विकसित भारत की ओर बढ़ते कदमों का संकेत है। पांडे ने कहा कि "2000 में जब छत्तीसगढ़ राज्य अस्तित्व में आया, तब यह देश का सबसे तेजी से विकास करने वाला राज्य बना। यह दर्शाता है कि बस्तर जैसे क्षेत्र भारत को विकसित बनाने में केंद्रीय भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र में राज्य की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए बताया कि जच्चा-बच्चा मृत्यु दर में सुधार हुआ है,महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला है और बस्तर के सभी ब्लॉकों में विशेष उद्योगों पर कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि बस्तर में पर्यटन,खेल, हस्तशिल्प और लघु उद्योगों की अपार संभावनाएँ हैं, जिन पर कार्य कर राज्य और देश दोनों को नए आयाम दिए जा सकते हैं।

### ये रहे उपस्थित

संचालन एमए इंग्लिश की छात्रा पायल नाहक ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. कुश नायक द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ संजय कुमार डोंगरे,डॉ. समीर ठाकुर,डॉ अभिषेक अवस्थी सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने नशामुक्ति केंद्र और सखी सेंटर का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज कोंडागांव विकासखंड के विभिन्न सरकारी संस्थानों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्था में सुधार लाने के लिए कई निर्देश दिए। कलेक्टर ने पॉलिटेक्निक कॉलेज में शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली और दूर–दराज के गाँवों से आने वाली छात्राओं के लिए रहने की व्यवस्था करने को कहा। साथ ही, उन्होंने छात्रों को स्थानीय स्तर पर रोजगार दिलाने के लिए प्लेसमेंट कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बनियागाँव स्थित अनुसूचित जनजाति प्री–मैट्रिक बालक छात्रावास का भी निरीक्षण किया और बच्चों को मेन्यू के अनुसार भोजन देने, किचन गार्डन विकसित करने और साफ़–सफ़ाई का ध्यान रखने के लिए कहा। कलेक्टर ने बनियागाँव में नशामुक्ति केंद्र जाकर नशे से प्रभावित लोगों के इलाज और दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने यहाँ एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण करने का भी निर्देश दिया। सखी वन स्टॉप सेंटर में उन्होंने बेहतर काउंसलिंग, सुरक्षा और साफ़–सफ़ाई के लिए होमगार्ड की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। चाइल्ड लाइन का निरीक्षण करते हुए, उन्होंने 108 या 102 वाहन उपलब्ध न होने पर गर्भवती महिलाओं के लिए वैकल्पिक एम्बुलेंस सेवा शुरू करने को कहा। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया और कार्यकर्ताओं को बच्चों को साफ़–सफ़ाई की आदतें सिखाने और पौष्टिक आहार सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए।

### विभागीय अधिकारी रहे उपस्थित

*निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम अजय उरांव, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अवनी बिस्वाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।*

# अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद को मिला 'बस्तर का गौरव'



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शिक्षा जगत विधानसभा केशकाल द्वारा आयोजित मेरा लक्ष्य मेरा अभियान कार्यक्रम में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोण्डागांव को 'बस्तर का गौरव' उपाधि से सम्मानित किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य तय कर उसकी प्राप्ति के लिए प्रेरित करना था। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने युवक–युवतियों को थल सेना, जल सेना, वायु सेना, अर्धसैनिक बल, जिला बल और नगर सेना में भर्ती होने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। विधायक नीलकंठ टेकाम ने परिषद द्वारा चलाए जा रहे निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण एवं सामाजिक कार्योर् की सराहना की। उन्होंने परिषद को शॉल, श्रीफल और ट्रॉफी भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर परिषद के जिलाध्यक्ष सूरज यादव, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, फरसगांव ब्लॉक अध्यक्ष बप्पा नंदी, ब्लॉक सचिव रिकेश कुवंर, सह–सचिव पीताम्बर सिंह तथा बड़ेराजपुर ब्लॉक सचिव संतोष मरकाम उपस्थित रहे।

# राशन कार्ड में चढ़ गया पर आलोर गांव के ग्रामीणों को नहीं मिला अगस्त का राशन



**फरसगांव।** ब्लाक अंतर्गत ग्राम आलोर के राशन कार्ड हितग्राहियों को अगस्त महीने का राशन नहीं मिला है। जिसके लिए बुधवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय में पहुंचकर राशन विक्रेता के खिलाफ राशन नहीं देने का आरोप लगाकर शिकायत किया है। ग्रामीणों ने बताया उन्हें जून, जुलाई और अगस्त महीने का राशन मिलना था। लेकिन उन्हें जून और जुलाई महीने का राशन मिला चुका है लेकिन अगस्त महीने का राशन नहीं मिला है। जबकि हितग्राहियों के कार्ड में अगस्त महीने का राशन देना अंकित किया गया है। ग्रामीणों ने राशन विक्रेता से पूछा तो उसने कहा कि अगस्त माह का चावल आवंटन नहीं होना बताया गया। लेकिन उसके द्वारा सितम्बर माह का चावल वितरण किया जा रहा है। चावल नहीं मिलने से ग्रामीणों नाराज हो। बुधवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण एसडीएम कार्यालय में पहुंचे और राशन विक्रेता के खिलाफ कार्रवाई के लिए आवेदन दिया है।

## एनएचएम संविदा कर्मियों की 'सवाल रैली', भाजपा कार्यालय के बाहर धरना



**कोण्डागांव।** एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने कोण्डागांव में बुधवार को 24वें दिन सवाल रैली निकाली। रैली डीएनके कॉलोनी स्थित धरना स्थल से शुरू होकर विकास नगर स्टेडियम मार्ग होते हुए भाजपा जिला कार्यालय अटल सदन तक पहुंची। रैली जब भाजपा कार्यालय पहुंची तो कार्यालय पर ताला लटका मिला। संविदा कर्मी बाहर ही धरने पर बैठ गए और शासन से सवाल पूछते हुए नारेबाजी करने लगे "हमने बनाया है, तो हम ही संवारेंगे, लेकिन आखिर संवारोगे कब। रैली के दौरान तेज धूप के कारण एक महिला संविदा कर्मी बेहोश होकर गिर पड़ी। साथी कर्मचारियों ने पानी पिलाकर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। जिला अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने कहा कि भाजपा नेताओं ने सत्ता में आने से पहले संविदा कर्मियों को नियमित करने का वादा किया था। लेकिन 24 दिन बीतने के बाद भी कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने साफ कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक सवाल रैली और आंदोलन की श्रृंखला लगातार जारी रहेगी।

## हाईस्कूल उड़ीदगांव में माकड़ी पुलिस ने लगाया चलित थाना

# विद्यार्थियों को साइबर अपराधों को लेकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



हाईस्कूल उड़ीदगांव में 10 सितम्बर को निरीक्षक विकास बघेल थाना प्रभारी माकड़ी के नेतृत्व में चलित थाना लगाया गया। इस दौरान छात्र–छात्राओं और शिक्षकों को भारत सरकार द्वारा लागू तीन नए आपराधिक कानूनों के बारे में जानकारी दी गई।

■ नए कानूनों की भी दी गई जानकारी

पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय. अक्षय कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में थाना माकड़ी क्षेत्र में लगातार जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों की पहचान और उनसे बचाव के उपाय बताए। साथ ही महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों की रोकथाम और जागरूकता पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। अभियान के तहत विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। नशा मुक्ति विषय पर नशीली दवाओं एवं पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया।

### 150 से अधिक विद्यार्थी और शिक्षक रहे उपस्थित

कार्यक्रम में लगभग 150 छात्र–छात्राओं के साथ संस्था में पदस्थ शिक्षक–शिक्षिकाएं भी शामिल हुए। सभी ने इस पहल की सराहना की और जागरुकता अभियान को उपयोगी बताया।

## पेज 9 के शेष

### न तो पंचायत कार्यालयों ...

रूप से सशक्त भी बनाएगी। पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि अधिक से अधिक लोग क्यूआर कोड का उपयोग कर सकें। ग्रामीणों में इस पहल को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। पहले जानकारी के लिए लोगों को बार-बार दफ्तर जाना पड़ता था, अब क्यूआर कोड से सब कुछ तुरंत मिल जाएगा। यह लोगों लिए बहुत बड़ी सुविधा है।

### 25 वर्ष पहले....

सभी चौपहिया वाहन चालकों से चर्चा कर आपसी सहयोग और श्रमदान से पुलिया पहुंच मार्ग को अस्थाई तोर पर आना-जाने करने लायक मरम्मत करने का सुझाव दिया। कारण पुलिया निर्माण में सरकारी प्रक्रिया में लम्बा समय लगता। सभी एक स्वर में सहमति दी। ढोढरेपाल के दो जिम्मेदार लोगों की वजह से आज क्षतिग्रस्त पुलिया का एक तरफ मिट्टी भराई का काम पूरा हो चुका है दूसरे तरफ का काम दो-चार दिन में पूरा होने की उम्मीद है। दोनों ग्रामीणों के इस पहल की अंचल के दर्जनों गांव में चर्चा है।

### अवैध रूप से कचरा....

व्यापारी या वाहन संचालक निर्धारित स्थल एवं प्रक्रिया का पालन किए बिना कचरा फेंकता हुआ पकड़ा जाता है, तो उसके विरुद्ध इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई की जाएगी।

महापौर संजय पांडे ने कहा जगदलपुर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। स्वच्छता को जन आंदोलन का रूप देने के लिए सभी का सहयोग अनिवार्य है। स्वच्छ जगदलपुर, स्वस्थ जगदलपुर की दिशा में नगर निगम लगातार काम कर रहा है। हम सभी चाहते हैं कि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ और सुंदर शहर मिले। इसके लिए नागरिकों का सहयोग सबसे अहम है। कोई भी व्यक्ति यदि शहर को गंदा करने का प्रयास करेगा तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नागरिक नियमों का पालन करें और निगम की इस मुहिम में सहभागी बनें।

कार्रवाई लगातार जारी रहेगीः आयुक्त : आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा ने कहा नगर निगम स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखकर कार्य कर रहा है। शहर में किसी भी स्थान पर अनधिकृत रूप से कचरा खाली करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।नागरिक कचरा न केवल निर्धारित स्थल पर ही डालें बल्कि गीले एवं सूखे कचरे को अलग करने में भी सहयोग दें। यह केवल प्रशासन का नहीं बल्कि हम सभी का सामूहिक दायित्व है। निगम प्रशासन आगे भी इस प्रकार की सख्त कार्रवाई लगातार जारी रखेगा। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएँ और जगदलपुर को स्वच्छ, सुंदर एवं आदर्श शहर बनाने में सहयोग करें।

### पतागुडेम फॉरेस्ट नाका....

आगे की जांच जारी है। बताया जा रहा है कि यह तस्करी गिरोह अतंरराज्यीय नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है, जिसकी पड़ताल के लिए संबंधित एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया है। इस पूरी कार्रवाई में महाराष्ट्र पुलिस की सजगता और तत्परता की सराहना की जा रही है। सीमावर्ती क्षेत्रों में ऐसे मामलों में पुलिस की सतर्कता न केवल मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाती है, बल्कि समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है।

### बकरे की बलि देकर....

जाता है। तिनसा प्रजाति की लकड़ी से एक्सल (अचांड) बनता है। शेष रथ निर्माण के लिए साल व धामन प्रजाति की लकड़यों का उपयोग किया जाता है। बारसी उतारनी रस्म के दौरान कारीगरों के मुख्य दलपति के अलावा अन्य कारीगरों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया गया। इस दौरान रथ निर्माताओं के अलावा मांझी, चालकी, तहसीलदार व दशहरा कमेटी सचिव, आरआई, पटवारी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### कॉलेज की सीलिंग ....

आयुक्त उच्च शिक्षा, सचिव उच्च शिक्षा बस्तर कमिश्नर एवं बस्तर कलेक्टर को ज्ञापन एवं ईमेल के माध्यम से महाविद्यालय की जर्जर स्थिति और सुरक्षा संबंधी समस्याओं से अवगत करवाया था। इसके अतिरिक्त एनएसयूआई प्रतिनिधिमंडल ने महाविद्यालय प्राचार्य अनिल कुमार श्रीवास्तव से भी व्यक्तिगत मुलाकात कर समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की थी। इस दौरान निम्नलिखित मुद्दों पर तत्काल सुधार की मांग रखी गई थी। खासकर महाविद्यालय भवन की जर्जर स्थिति,विशेषकर साइंस बिल्डिंग एवं ऑडिटोरियम,पेयजल की व्यवस्था,महिला सुरक्षा एवं सीसीटीवी कैमरे की स्थापना,स्वच्छ शौचालय एवं बैठने की व्यवस्था,लाइट एवं पंखों की मरम्मत,पार्किंग एवं कैंटीन की सुविधा, के लिए एनएसयूआई ने पहले ही चेताया था कि ऑडिटोरियम की दीवारों में दीमक लगने के कारण प्लास्टर झड़ रहा है और कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है। प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य सिंह बिसेन ने कहा हमारे चेताने के बावजूद महाविद्यालय प्राचार्य एवं जिम्मेदार अधिकारी छात्र-छात्राओं की जिंदगी से खिलवाड़ करते रहे। आज इसका परिणाम यह है कि एक छात्रा अस्पताल में भर्ती है।

घायल छात्रा को उचित मुवावजा दिया जाए : घायल छात्रा चांदनी कावड़े को उचित मुआवजा दिया जाए। ऑडिटोरियम निर्माण एवं रिपेयरिंग में संलिप्त अधिकारियों एवं ठेकेदार पर एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्यवाही की जाए। महाविद्यालय भवन की तत्काल मरम्मत एवं पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाए। छात्रा के घायल होने के पश्चात एनएसयूआई नेता साथियों सहित महाविद्यालय प्राचार्य के नाम पटल पर कालिख पोत विरोध प्रदर्शन किया है। एनएसयूआई ने स्पष्ट किया है कि यदि 2 दिन के भीतर शासन द्वारा ठोस निर्णय नहीं लिया जाता है, तो संगठन सभी छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

## खबर संक्षेप

### शिक्षिका को 8 हजार की आर्थिक सहयोग



**दरभा।** विकासखण्ड दरभा की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार के शिक्षक शिक्षिकाएं, कार्यालयीन स्टॉफ ने 6 सितंबर को प्रातः 7:15 बजे अपने निवास ग्राम सरगीपाल बकावंड से स्कूल ड्यूटी के लिए निकली महिला अतिथि शिक्षिका संतोषी बिसाई का एक अज्ञात बस से भीषण दुर्घटना होने से उनका दाहिना हाथ कट कर अलग हो गया। जिनका उपचार रायपुर में चल रहा है। उन्हें छिंदबहार स्कूल के स्टॉफ ने मिलकर 8 हजार का आर्थिक सहयोग ऑनलाइन माध्यम से किया है। सहयोग करने वाले में से प्राचार्य दीपक कुमार घोष, व्याख्याता डॉ. अखिलेश कुमार त्रिपाठी, दीनबंधु नाग, डॉ. तुलादास मानिकपुरी, डॉ. लुदरसन कश्यप, बुधराम कश्यप, उषा कश्यप, मनोहर सिंह बरनाला, प्रमोद कुमार मरावी, सुबोध शुक्ला, व्यायाम शिक्षक नोहर सिंह सलाम, सहायक ग्रेड-3 दिनेश नाग, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी देवचन्द सेठिया आदि ने सहयोग किया।

### नवभारत साक्षरता सप्ताह संपन्न



**भोण्ड।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी एवं इंग्लिश विद्यालय करीतगांव ब्लॉक बकावंड में सात दिवस नवभारत साक्षरता दिवस उल्लास कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस साक्षरता जागरूकता सेमिनार का प्रस्तुतीकरण हुआ। तीसरे दिवस उल्लास गीत पर प्रस्तुत किया। चौथे दिन गांव में साइकिल रैली आयोजित की गई। पंचम दिवस स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। छठवें दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सातवें दिन संस्था की प्राचार्या मोनिता पाणिग्रही ने पुरस्कार वितरण किया और बच्चों और शिक्षकों को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर उल्लास शपथ दिलाई।

इस अवसर पर स्काउट गाईड मास्टर रियाज़ अली एवं सुनीता देहरिया उपस्थित रहे।

# दो पैनल और एक निर्दलीय प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल






लौह नगरी किरंदुल व्यापारी कल्याण संघ के चुनाव में बुधवार को सभी प्रत्याशियों ने फूल माला पहनकर नारेबाजी करते हुए अपने समर्थकों के साथ आतिशबाजी करते हुए नामांकन पत्र दाखिल किया। व्यापारियों में चुनाव को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। ओम सोनी पैनल से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी ओम प्रकाश सोनी, उपाध्यक्ष संजय सोनी, सुषमा साहू, कोषाध्यक्ष विशाल जैन, सचिव राज प्रसाद, सह सचिव शेखर दत्ता, मोहित धवन, इनको चुनाव चिन्ह कलश प्राप्त हुआ है। वहीं जयदीप पैनल से अध्यक्ष पद पर जयदीप माखन, उपाध्यक्ष पंकज सिंह उषा साहू, कोषाध्यक्ष विकास स्वामी, सचिव राजेश वेपराल (राजू), सह सचिव मोहमद आसिफ सुजीत कुमार सोनकर इनको चुनाव चिन्ह तराजू आवंटित किया गया। चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर निर्दलीय पुष्पा माहोरे को तितली चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया। सभी प्रत्याशियों में चुनाव चिन्ह प्राप्त करने पक्ष में काफी उत्साह था और बैनर पोस्टर बनवाने के पश्चात चुनाव प्रचार तेज करेंगे। 15 सितंबर को छत्तीसगढ़ी क्लब में चुनाव कराया जाएगा।

## छात्र-छात्राओं ने एआई की सीखी तकनीकी

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत जिला बीजापुर में कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस साक्षरता कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को एआई के प्रति जागरूक कर तकनीकी जानकारी दी गई। सेंट्रल लाइब्रेरी और एजुकेशन सिटी में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को एआई साक्षरता अंतर्गत कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई का परिचय, एआई की परिभाषा, इसके उपयोग और विभिन्न क्षेत्रों पर प्रभाव से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में एआई से संवाद करना, सही और स्पष्ट प्रॉम्प्ट लिखने की तकनीक। एआई कैसे काम करता है, डेटा और पैटर्न से सीखने की प्रक्रिया। एआई टूल्स का उपयोग और अन्य टूल्स के साथ अभ्यास। दैनिक जीवन में एआई बजटिंग, योजना और संगठन के लिए एआई का प्रयोग। ईमेल, रिपोर्ट, नोट्स और स्मार्ट वर्कफ्लो में एआई की मदद। सीखने और पढ़ाई के लिए एआई नोट्स, क्विज और स्टडी मटेरियल बनाना। करियर गाइडेंस, रिज्यूम, कवर लेटर और करियर रिसर्च बनाना आदि की जानकारी दी गई।

# साइंस कैम्प में रसायन विज्ञान के प्रयोगों से छात्रों में जगी जिज्ञासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर द्वारा जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के सहयोग से आस्था विद्या मंदिर, जवांगा में आयोजित 5 दिवसीय साइंस कैम्प के दूसरे दिन का आयोजन आज अत्यंत उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

■ क्विज़ प्रतियोगिता में छात्रों ने सक्रिय भागीदारी की



इस दिन की थीम रसायन विज्ञान की रोचक दुनिया रही। छात्रों ने प्रयोगों और गतिविधियों के माध्यम से यह अनुभव किया कि विज्ञान केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रयोगशाला और जीवन के हर क्षेत्र में उसका रोचक स्वरूप दिखाई देता है। आज के सत्रों में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, दंतेवाड़ा तथा पीएमश्री एकलव्य विद्यालय कटेकल्याण की छात्राओं ने भाग लिया। दोनों विद्यालयों से आए बच्चों ने पूरे जोश और जिज्ञासा के साथ गतिविधियों में भाग लेकर सीखने की प्रक्रिया को आनंदमय बनाया। प्रथम सत्र कक्षा 6-8 में छात्रों ने नॉन-न्यूटनियन फ्लूइड, यूनिवर्सल इंडिकेटर, अदृश्य स्याही, फ्लेम टेस्ट जैसे प्रयोग किए। इन गतिविधियों ने बच्चों को पदार्थों की विशेषताओं और रासायनिक अभिक्रियाओं की गहराई को सरल और रोचक तरीके से समझने का अवसर दिया। द्वितीय सत्र (कक्षा 9-12) में फ्लेम टेस्ट, केमिकल गार्डन, सिल्वर ट्री प्रयोग, इलेक्ट्रो-राइटिंग जैसे प्रयोग कराए गए। साथ ही नॉन-न्यूटनियन फ्लूइड और यूनिवर्सल इंडिकेटर पर भी छात्रों ने गहन समझ विकसित की। इन प्रयोगों के माध्यम से रसायन विज्ञान की विविधता और वास्तविक जीवन से उसका जुड़ाव छात्रों को प्रत्यक्ष अनुभव के साथ स्पष्ट हुआ। सत्रों के अंत में क्विज़ प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें छात्रों ने सक्रिय भागीदारी की।

विजेताओं को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। बच्चों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना के साथ-साथ टीमवर्क और वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी देखने को मिला।

### 112 से अधिक युवा बौद्धिक भ्रमण पर रायपुर रवाना

**दंतेवाड़ा।** राज्य शासन के द्वारा संचालित नियद नेल्लानार कार्यक्रम के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद प्रोत्साहन योजना के तहत जिले के नियद नेल्लानार के ग्राम के पंचायतों से चयनित 112 से अधिक युवाओं को बौद्धिक भ्रमण के लिए रायपुर रवाना किया गया। जनप्रतिनिधियों में से जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर, जिला पंचायत सदस्य कमला विनय नाग, जनपद पंचायत सदस्य रामूराम नेताम सहित जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा एवं अन्य अधिकारियों ने आज इन युवाओं को हरी झंडी दिखाकर शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। उल्लेखनीय है कि इन चयनित युवाओं में आत्मसमर्पित नक्सली तथा नक्सल पीड़ित परिवार के युवा भी है। भ्रमण के दौरान युवाओं को रायपुर स्थित नालंदा परिसर, छत्तीसगढ़ विधानसभा, जनजातीय एवं आदिवासी संग्रहालय, स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट तथा रेलवे स्टेशन जैसे महत्वपूर्ण स्थानों का दौरा किया जाएगा। यह भ्रमण युवाओं को शासन व्यवस्था, सांस्कृतिक विरासत, परिवहन प्रणाली तथा प्रशासनिक तंत्र की जानकारी देने का अवसर प्रदान करेगा।

# तुलिका ओडिशा राज्य महिला कांग्रेस की पर्यवेक्षक नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



दंतेवाड़ा की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा को आज राष्ट्रीय महिला कांग्रेस संगठन ने नई जिम्मेदारी से नवाजा है । तकरीबन एक दशक से भी अधिक समय से राजनीति में सक्रिय रही तुलिका कर्मा ने जमीनी स्तर से मेहनत कर आज राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई और नई मुकाम हासिल किया। अपने तेज़ तर्रार स्वभाव से जिले की राजनीति में सक्रिय रहने वाली तुलिका ने हमेशा से जनसेवा को सर्वोपरि रखा और जिला पंचायत अध्यक्ष पद में रहकर जिला के लिये विकास कार्य किये।

■ दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नियुक्ति पत्र दिया

अपनी उपलब्धियों में आज एक कड़ी और जोड़ते हुए महिला राष्ट्रीय कांग्रेस संगठन में जगह बनाई। महिला राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष अल्का लाम्बा द्वारा उन्हें ओडिशा राज्य महिला कांग्रेस का पर्यवेक्षक नियुक्त किया।

अल्का लाम्बा ने दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में नियुक्त पत्र देकर उन्हें बधाइयां दी। इस नियुक्ति पर तुलिका कर्मा ने खुशी ज़ाहिर करते हुए कहा कि वे राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अल्का लाम्बा का धन्यवाद करती है और साथ ही राष्ट्रीय एवं प्रदेश संगठन के प्रति आभार व्यक्त करती है। उक्त जानकारी कांग्रेस कमेटी दंतेवाड़ा के जिला प्रवक्ता राहुल महाजन ने दी है।

## अब एक स्कैन करते ही ग्रामीणों को मिलेगी मनरेगा के कार्यों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए ग्राम पंचायतों में क्यू आर कोड चस्पा किए जा रहे हैं।

कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चैबे ने जिले की ग्राम पंचायतों में क्यू आर कोड चस्पा करने सभी जनपदों को निर्देशित किया है। जनपद पंचायत उसूर में साप्ताहिक बैठक उपरांत सभी ग्राम पंचायतों के सचिव एवं रोजगार सहायक को क्यू आर कोड का प्रिंट कराकर उपलब्ध कराते हुए इसकी उपयोगिता की विस्तृत जानकारी दी गई। जिले की 171 ग्राम पंचायतों के क्यू आर कोड जनरेट कराकर प्रिंट कर लिए गए हैं,। ये क्यू आर पंचायत भवनों व सार्वजनिक स्थलों पर लगाए जा रहे हैं। महात्मा गांधी नरेगा के कार्यों में आएगी पारदर्शिता- क्यू आर कोड स्कैन करने पर ग्रामीण अपने मोबाइल से मनरेगा अंतर्गत पिछले 4 वर्ष के वित्तीय वर्षों के पूर्ण, प्रगतिरत और अप्रारंभ कार्यों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

# शिक्षा की नई पहल से बच्चों के सपनों को मिली उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



सुकमा जिले के कोंटा विकासखंड से लगभग 125 किलोमीटर दूर, घने जंगलों और पहाड़ियों से घिरे सुरपनगुड़ा गाँव में अब शिक्षा की नई सुबह हुई है।

पहले जहां बच्चों की पढ़ाई शिक्षादूत पर निर्भर थी और माता-पिता शिक्षकों की कमी से चिंतित रहते थे, वहीं अब छत्तीसगढ़ शासन की युक्तिकरण योजना के अंतर्गत प्राथमिक शाला सुरपनगुड़ा में नियमित शिक्षक की नियुक्ति कर दी गई है। यह गांव माओवादी प्रभावित क्षेत्र में आता है, फिर भी बच्चों की शिक्षा के प्रति प्रशासन का समर्पण सराहनीय है। कलेक्टर

देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में युक्तिकरण प्रक्रिया को लागू कर बच्चों की संख्या के अनुसार शिक्षक पदस्थ करने का रास्ता आसान बनाया गया। अब स्कूल में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है और अभिभावकों का विश्वास भी मजबूत हो रहा है। पूर्व में स्कूल में कक्षाएं तो चलती थीं, पर नियमित शिक्षक न होने के कारण बच्चों का भविष्य अधूरा लग रहा था। अब नई व्यवस्था से बच्चों की पढ़ाई में निरंतरता आई है। अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजने में उत्साहित हैं। साथ ही मध्यान्ह भोजन योजना से बच्चों को पोषण और पढ़ाई दोनों का लाभ मिल रहा है।

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है, चाहे वह किसी भी इलाके में क्यों न रहता हो। युक्तिकरण योजना से हम शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच दोनों को बेहतर बना रहे हैं।

### केदार की लोकप्रियता से बौखलाए कांग्रेसी : पी.विजय

**कोंटा।** भाजपा नेता पी. विजय नायडू ने कहा बस्तर के आदिवासी नेता केदार कश्यप की लोकप्रियता से कांग्रेसी बौखलाए हुए है। कांग्रेस के लोग भ्रामक प्रचार कर लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे है। बस्तर के आदिवासी मंत्री केदार कश्यप के खिलाफ यह



बहुत बड़ा षड्यंत्र है । लेकिन सफल नहीं हो पाएंगे। मुद्दा विहीन कांग्रेस बेबुनियाद आरोप लगाए जाने से आरोप प्रमाणित नहीं होते। उन्होंने कहा आरोप लगाकर भाग जाना यह कांग्रेस की वर्षों चली आ रही चाल चरित्र है। विजय ने कहा कि मंत्री ने पूरे बस्तर के प्रत्येक क्षेत्रों मे विकास कार्यों पर जोर दे रहे हैं।

# युवराज यूथ विश्व म्यू थाई चैंपियनशिप में हिस्सा लेने अबूधाबी रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ (आईओसी) से मान्यता प्राप्त संस्था आईएफएमए की भारत मे मान्यता प्राप्त संस्था यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इण्डिया के तत्वावधान में भारतीय म्यू थाई दल अबू धाबी में आयोजित आईएफएमए यूथ विश्व म्यू थाई चैम्पियंसशिप मे भाग लेने 10 सितंबर को जगदलपुर से वायुयान द्वारा हैदराबाद से अबू धाबी के लिए रवाना होगा। यह अत्यंत हर्ष एवँ गौरव का विषय है कि दूरस्थ बस्तर अंचल से गत नौ वर्षों से अपने वजन वर्ग में म्यू थाई चैंपियन शहर निवासी 17 वर्षीय युवराज सिंह राजपूत भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह भी उल्लेखनीय है कि युवराज छग राज्य से एकमात्र चयनित खिलाड़ी हैं जो इस विश्व चैंपियनशिप में भाग लेगा। युवराज के पिता राजेन्द्र सिंह राजपूत भी अपने पुत्र के साथ भारतीय म्यू थाई दल के सहायक अधिकारी के रूप में जा रहे हैं। 24 सदस्यीय भारतीय म्यू थाई दल में 18 खिलाड़ी, 1 कोच, 2 निर्णायक, 2 ऑफिसियल और 1 नेशनल फेडरेशन ऑफिसियल शामिल हैं। नेशनल फेडरेशन ऑफिसियल के रूप में भारतीय म्यू थाई दल फेडरेशन यूएमएआई के महासचिव श्रीराम चौधरी के नेतृत्व में भारतीय म्यूथाई दल अबूधाबी जा रहा है।

■ युवराज के पिता राजेन्द्र सिंह भी सहायक अधिकारी के रूप में जाएंगे

# भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच हो : शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के प्राध्यापक भर्ती घोटाले और नियुक्तियों में हुए भ्रष्टाचार के मामले को भाजपा के वरिष्ठ विधायक एवं पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री अजय चंद्राकर ने सवाल उठाया था। मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन ने शासन द्वारा जांच समिति गठन कर प्रकरण की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही थी।



वरिष्ठ कांग्रेसी उमाशंकर शुक्ला ने मीडिया को जारी किए गए बयान में कहा जब इस मामले की जांच रिपोर्ट में पुष्टि हुई फिर भी नियमों की अनदेखी क्यों की जा रही है। शुक्ला ने कहा कांग्रेस के प्रमुख राष्ट्रीय नेता सांसद राहुल गांधी ने युनिवर्सिटियों में रिक्त पदों पर हो रही भर्ती में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को मोदी सरकार खत्म करने एक नया रास्ता अपनाकर ऐसे वर्ग के अभ्यर्थियों को नोट फ़ॉर स्युटेबल (अयोग्य) श्रेणी में लाकर भर्ती से बाहर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अत्यंत विश्वसनीय सूत्रों से मिल रही खबरों के अनुसार शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर में शिक्षकों की भर्ती में गंभीर अनियमितताओं की पुष्टि हुई है। जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट उच्च शिक्षा विभाग को सौंप दी है। खास बात यह है कि जांच प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही चयनित शिक्षकों ने ज्वाइनिंग दे दी है। रिपोर्ट के आधार पर जिन शिक्षकों की नियुक्ति में गड़बड़ी पाई गई है, उन्हें हटाने की अनुशंसा की जा रही है।

**जांच कमेटी की रिपोर्ट**

सूत्रों के मुताबिक खैरवार कमेटी ने पखवाड़े भर पहले ही शिकायतों की जांच पूरी कर रिपोर्ट उच्च शिक्षा विभाग को सौंप दी है। रिपोर्ट में भर्ती प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी और अनियमितताओं की पुष्टि की गई है। अब उच्च शिक्षा विभाग विश्वविद्यालय प्रशासन को कार्रवाई के निर्देश देने जा रहा है। हालांकि रिपोर्ट आने से पहले ही चयनित शिक्षकों ने ज्वाइन कर लिया है। ऐसे में अब शिक्षकों को हटाने और वेतन आहरण नहीं करने की मांग तेज हो गई है, परंतु आनन फानन में कुलपति द्वारा अवैधानिक रूप से नियुक्त प्राध्यापकों के वेतन आहरण के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

# सोनालीका ट्रैक्टर्स का नया शो-रूम अब जगदलपुर में

**बिजनेस साइट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर






वीकेटी ऑटोमोबाइल, गीदम रोड, पंडरीपानी, जगदलपुर का भव्य उद्घाटन बुधवार को किरण सिंह देव,जगदलपुर विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ अध्यक्ष एवं कंपनी के ज़ोनल हेड मोहित कपूर के कर-कमलों से संपन्न हुआ।इस अवसर पर शोरूम के संस्थापक विवेक बाजपेयी एवं किंशुक मैती उपस्थित रहे। दोनों संचालकों के पास प्रतिष्ठित कंपनियों में 20 से अधिक वर्षों का समृद्ध अनुभव है। उनका उद्देश्य इस अनुभव का लाभ सीधे किसान भाइयों तक पहुँचाकर उनकी खेती को और अधिक उन्नत एवं लाभकारी बनाना है। उद्घाटन समारोह में विशेष अतिथि के रूप में सोनालीका कंपनी के चैनल पार्टनर आशीष तिवारी (मुंगेली) एवं भाजपा जिला अध्यक्ष जांजगीर टिकेश्वर गवेल उपस्थित रहे।सोनालीका ट्रैक्टर्स भारत की अग्रणी ट्रैक्टर निर्माता कंपनी है, जो 20 एचपी से 90 एचपी तक की विस्तृत रेंज में ट्रैक्टर उपलब्ध कराती है। कंपनी के उत्पाद न केवल भारतीय किसानों की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाए जाते हैं, बल्कि 140 से अधिक देशों में निर्यात भी किए जाते हैं। साथ ही, इनके स्पेयर पार्ट्स किसानों के लिए बेहद आसानी से उपलब्ध हैं।

**न्यायालय तहसीलदार नारायणपुर, जिला नारायणपुर (छ.ग.)**

रा.मा.क्र./202507171300002/ब-121/2024-25

**उद्घोषणा-पत्र**

एतद् द्वारा समस्त निवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती संध्या कोलियारा पति स्व. अवधेश कोलियारा, जाति हल्बा, निवासी ग्राम खड़ीबहार नारायणपुर तहसील व जिला नारायणपुर ने आवेदन पत्र पेश किया हैं कि उनके पति अवधेश कोलियारा पिता स्व. पंचम कोलियारा कार्यालय नगर सेनानी नारायणपुर में नगर सैनिक के पद पर पदस्थ थे। जिनका निधन सेवाकाल के अवधि दिनांक 16.06.2025 को हो चुकी हैं। अतः आवेदिका अपने पति की समस्त किस्म की देय राशि एवं अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त करने हेतु वारिसान प्रमाण पत्र के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसकी **सुनवाई तिथि 15.09.2025** को इस न्यायालय में नियत हैं। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से सुनवाई दिनांक को इसके पूर्व उपस्थित होकर इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है । नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति एवं आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह उदघोषणा आज दिनांक 28.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी ।

मुहर — **तहसीलदार नारायणपुर**

**न्यायालय तहसीलदार बस्तर जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र./क/ब 121/2024-202...

**//उद्घोषणा//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका बुधराम पिता स्व. देवीराम जाति भतरा निवासी ग्राम टाकरागुड़ा द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि उसके स्वयं बुधराम पिता स्व. देवीराम की माता/पिता ...... जन्म दिनांक 01/01/1963 को ग्राम टाकरागुड़ा में होना बताते हुए जन्म होने से जन्म प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / महिला / संस्था को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 12/09/2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 28/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर — **तहसीलदार बस्तर**

**समक्षः-श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी दण्ड़ाधिकारी कोण्टा, जिला-सुकमा छ.ग.**

**:: शपथ-पत्र ::**

मैं सोड़ी करूणा, पिता- श्री सोड़ी देवेन्द्र आयु-18 वर्ष, निवासी- एर्राबोर, पोस्ट- एर्राबोर, तहसील- कोण्टा, जिला- सुकमा, छ.ग., पिनकोड नं- 494114, शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन अभिव्यक्त करती हूँ कि:-

1. यह कि मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरा नाम एंव उपनाम सोड़ी करूणा, पिता- श्री सोड़ी देवेन्द्र रहा है। जो कि मेरे शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों में एंव जन्म प्रमाण पत्र में अकिंतानुसार सत्य एंव सही है।
3. यह कि त्रुटिवश पूर्व में मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में सरनेम-सोयम करूणा, पिता-श्री सोयम देवेन्द्र अंकित कर दिया गया है।
4. यह कि मेरा नाम एंव उपनाम मेरे उपनामानुसार, सोड़ी करूणा, पिता- श्री सोड़ी देवेन्द्र एंव सोयम करूणा, पिता- श्री सोयम देवेन्द्र, ये दोनों नाम मेरा ही नाम है। किसी अन्य का नाम नही है।
5. यह कि मेरे आधार कार्ड मे मेरे उपनामानुसार सोयम करूणा, पिता-श्री सोयम देवेन्द्र के स्थान पर सोड़ी करूणा, पिता-श्री सोड़ी देवेन्द्र सुधार कर अंकित कराना चाहती हूँ। जिसका आधार न.- 8039 8798 7985 है।
6. यह कि मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में सरनेम सुधार करने के समर्थन में यह शपथ-पत्र बनाया गया है।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करती हूँ कि उपरोक्त शपथ-पत्र में वर्णित तथ्य मेरे स्वतः के निजी ज्ञान एंव विश्वास से सत्य एंव सही है। सत्यापन आज दिनांक 09.09.2025 को स्थान - कोण्टा में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

करूणा
शपथकर्ता

**समक्षः-श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी दण्ड़ाधिकारी कोण्टा, जिला-सुकमा छ.ग.**

**:: शपथ-पत्र ::**

मैं श्रीमती सोयम मिनाती, पति-श्री सोयम मल्ला, आयु 27 वर्ष, निवासी- एर्राबोर (बिलगुड़ा), पोस्ट- एर्राबोर, तहसील- कोण्टा, जिला-सुकमा (छ.ग.) पिन कोड नं- 494114, शपथपूर्वक निम्न लिखित कथन अभिव्यक्त करती हूँ कि:-

1. यह कि मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि विवाह के पूर्व का मेरा नाम एंव उपनाम - मड़कामी मिनाती, पिता- श्री सोमा मड़कामी रहा है, जो कि मेरे मतदाता पहचान पत्र एंव अभिलेखों में अकिंतानुसार सत्य एंव सही है।
3. यह कि विवाह के पूर्व मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में सरनेम मड़कामी मिनाती अंकित कर दिया गया है। जिसका आधार न.- 7573 2060 9151 है।
4. यह कि विवाह के पश्चात नाम एंव उपनाम मेरे उपनामानुसार श्रीमती सोयम मिनाती, पति-श्री सोयम मल्ला, एंव मड़कामी मिनाती, पिता-श्री सोमा मड़कामी दोनों नाम मेरा ही नाम है। किसी अन्य का नाम सोमा मड़कमी दोनों नही है।
5. यह कि मेरे आधार कार्ड मे मेरे उपनामानुसार- मड़कामी मिनाती के स्थान पर श्रीमती सोयम मिनाती सुधार कर अंकित कराना चाहती हूँ।
6. यह कि मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में सरनेम सुधार करने के समर्थन में यह शपथ-पत्र बनाया गया है।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करती हूँ कि उपरोक्त शपथ-पत्र में वर्णित तथ्य मेरे स्वतः के निजी ज्ञान एंव विश्वास से सत्य एंव सही है। सत्यापन आज दिनांक 09.09.2025 को स्थान - कोण्टा में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

मिनाती
शपथकर्ता

**कार्यालय तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रं./202508151000011/ब-121/2024-25

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है, गुड्डूराम बघेल पिता हिड़मो बघेल जाति माड़िया ग्राम धुरागांव तहसील लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर द्वारा इस न्यायालय में आवेदक अपने स्वयं गुड्डूराम बघेल पिता हिड़मो बघेल का जन्म दिनांक 18/05/1986 दर्शाया गया है।

जिसकी पेशी दिनांक 16/09/2025 नियत किया गया है। वह उद्घोषणा ग्राम पंचायत धुरागांव के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति ग्रामवासी पंचायत को किसी भी तरह की कोई आपत्ति है, तो यह उद्घोषणा जारी नियत तिथि के भीतर इस कार्यालय को आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। सयम उपरांत प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक 02/09/2025

मुहर — **तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर**

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लि.मि.**
**(छ०शासन का एक उपक्रम छराविमं की उत्तरवर्ती कम्पनी)**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**(परि०) संभाग छ०स्टे० पॉ० डिस्ट्री०कं०लि०, जगदलपुर**

**// आवश्यक सूचना //**

समस्त जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यपालन अभियंता (परियोजना) संभाग छ०स्टे० पॉ० डिस्ट्री०कं०लि० जगदलपुर के अंतर्गत नीचे उल्लेखित नवनिर्मित 33 के०व्ही० लाईन को आज दिनांक 11.09.2025 के बाद कभी भी उर्जीकृत कर दिया जावेगा, अतः उल्लेखित नवनिर्मित 33 के०व्ही० लाईन के तार, स्टे एवं खम्भे आदि से किसी प्रकार की छेडछाड़ न करें एवं लाईन से सुरक्षित दूरी बनावें, उल्लेखित लाईन से किसी भी प्रकार की दुर्घटना हेतु छ०स्टे० पॉ० डिस्ट्री०कं०लि० जवाबदार नही होगा।

| क्र. | नवनिर्मित 33 के०व्ही० लाईन का नाम | लाईन की लंबाई | ग्रामों का नाम जहाँ से होकर लाईन गुजर रही है |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 33/11 के०व्ही० उपकेन्द्र पालनार (जिला-दन्तेवाड़ा) से नवनिर्मित 33/11 के०व्ही० उपकेन्द्र जगरगुन्डा को जोडने हेतु 33 के०व्ही० लाईन | 40 कि०मी० | ग्राम- पालनार, समीरी, मदेंन्ता, अरनपुर, कोण्डापारा, कमलपोस्ट (जिला-दन्तेवाड़ा), कोण्डासावनी, कमारगुडा, जगरगुन्डा (जिला-सुकमा) |

कार्यपालन अभियंता (परि०) संभाग
छ०स्टे० पॉ० डिस्ट्री०कं०लि०, जगदलपुर

"स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाएं"

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड जगदलपुर**
**(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)/(छ.रा.वि.मं.की उत्तरदायी कंपनी)**
**कार्या.कार्यपालन यंत्री (संचा./संधा.) संभाग, छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमिर्या. जगदलपुर,**

क्र./12-11/ स्था./ 2025 — जगदलपुर, दिनांक 10/09/2025

**प्रति,**

श्री देवेन्द्र कुमार बघेल, लाईन परिचारक (संविदा),
ग्राम छिन्दगांव, पो.- जैबेल,, तहसील-बकावण्ड, जिला बस्तर, पिन-494222 (छ.ग.),

**विषयः-** कार्य पर उपस्थित होने की सूचना बाबत।

**संदर्भः-** 01. इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 72 दिनांक 18.10.2023, 02. इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 4281 दिनांक 21.11.2023, 03. इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 6343 दिनांक 27.03.2024।

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्रों का अवलोकन करे जिसके माध्यम से आपको नोटिस जारी किया गया है कि आप दिनांक 05.07.2023 से अपने कार्य पर बिना किसी सूचना/ आवेदन पत्र प्रस्तुत किये बिना ही अपने कार्य पर से अनुपस्थित है। अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के संबंधी युक्तिसंगत कारणों सहित सप्रमाण स्पष्टीकरण के साथ इस कार्यालय में उपस्थित देवें तथापि आपके द्वारा आज दिनांक 10.09.2025 तक उपस्थिति दर्ज नहीं करायी गयी है और न ही किसी प्रकार का आवेदन पत्र / सूचना पत्र ही प्रस्तुत किया गया है। जो कि विद्युत कम्पनी के द्वारा प्रतिपादित अवकाश नियमों के विपरीत है। आपके द्वारा अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहना यह दर्शाता है कि आप विद्युत कंपनी को सेवा प्रदान करने के इच्छुक नहीं है।

अतः आपको अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया जाता है कि उक्त पत्र के समाचार पत्र में प्रकाशन तिथि के 15 दिवस के भीतर अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के संबंधी युक्तिसंगत कारणों सहित सप्रमाण स्पष्टीकरण के साथ इस कार्यालय में उपस्थित देवें ताकि कर्त्तव्य पर उपस्थिति लिये जाने संबंधी कार्यवाही की जा सके। अन्यथा की स्थिति में आपके विरूद्ध विद्युत कम्पनी की सेवा से सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जावेगी जिसके लिये आप स्वयं उत्तरदायी होंगें।

**कार्यपालन यंत्री (संचा/ संधा) संभाग**
**छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि, जगदलपुर**

# रैली और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गूंजे शिक्षा जागरूकता के नारे

## शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में रजत जयंती महोत्सव के तहत विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय द्वारा 8 सितम्बर को छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव 2025 के उपलक्ष्य में जन-जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह रैली शिक्षा भवन,कालीपुर कैंपस से प्रारंभ होकर उद्यानिकी महाविद्यालय, पॉलिटेक्निक महाविद्यालय तथा काकतीय महाविद्यालय के प्रमुख चौराहों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते हुए विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन तक पहुँची।



### छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

इस अवसर पर डॉ सजीवन कुमार,कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना, प्रो एमएस मिश्रा,विभागाध्यक्ष,डॉ समीर ठाकुर, डॉ. रश्मि देवांगन,डॉ भुनेश्वर लाल साहू, पूर्णेन्द्र मिर्धा,डॉ सियालाल नाग,डॉ कृष्णा वर्मा,डॉ संजय पांडे एवं पूजा ठाकुर सहित अनेक प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्नातक और स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 9 सितंबर 2025 को पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया,जिसमें 19 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवानी देवांगन,बीएससी प्रथम सेमेस्टर द्वितीय स्थान वर्षा ठाकुर,बीएससी तृतीय सेमेस्टर व तृतीय स्थान खुशबू नाग,एमए तृतीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने शिक्षा के महत्व को उजागर करते हुए जोशीले नारे लगाए। पढ़ना लिखना है आसान, पढ़ लिखकर सब बनो महान,पढ़ेंगे पढ़ाएंगे, जीवन सुखी बनाएंगे,पढ़ लो बहनों, पढ़ लो भाई, पढ़ना लिखना है सुखदाई। कार्यक्रम में डॉ राजेश लालवानी,कुलसचिव,शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय ने शामिल होकर विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ रजत जयंती की शुभकामनाएं दीं और शिक्षा प्रसार व जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप

### बैठक में नाई समाज को संगठित करने पर जोर



**जगदलपुर।** सर्व नाई समाज संघ की बैठक जिलाध्यक्ष मनोज ठाकुर के उपस्थिति में समाज भवन में हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज को संगठित कर उत्थान के लिए कार्य करना था। बैठक में समाज के पदाधिकारी सहित समाज के वरिष्ठ सदस्यो ने समाज के उन्नति सहित एकजुटता व आगामी कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैठक में समाज के उत्थान को लेकर कई निर्णय लिया गया। साथ ही समाज का विकास कैसे हो इस पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिला के अध्यक्ष मनोज ठाकुर, संरक्षक भास्कर राव, राजू राव, वसंत राव, जननायक कपूरी ठाकुर के संभाग अध्यक्ष शंकर सेन सरोज श्रीवास, गौरी शंकर श्रीवास, शेखर ठाकुर, राम लखन ठाकुर, लल्लन कुमार, चंदन ठाकुर, उमेश ठाकुर, प्रेमजीत, बाबू साहब, राकेश ठाकुर, हरी ठाकुर शामिल थे।

### कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति : शंकुतला

**जगदलपुर।** जिला पंचायत सदस्य शंकुतला कश्यप ने कांग्रेस द्वारा मंत्री केदार कश्यप पर लगाए आरोपों की निंदा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की इस नकारात्मक राजनीति का उद्देश्य केवल आदिवासी नेता को बदनाम करना है। कांग्रेस की गुंडागर्दी और अराजक मानसिकता का प्रमाण भानपुरी में निवास कार्यालय पर हुए हमले में देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में डूबी कांग्रेस का अब बस्तर में कोई भविष्य नहीं है। उन्होंने कहा कि मंत्री केदार कश्यप निरंतर आदिवासी समाज के उत्थान और बस्तर के विकास के लिए कार्यरत हैं। कांग्रेस के पास अब बस्तर में खोने के लिए कुछ नहीं है, इसलिए वे इस तरह के हथकंडे अपना रहे हैं।



### तेज देवांगन का कमल रत्न से सम्मान

**जगदलपुर।** नई दिल्ली की कविताएं जिंदा रहेगी संकलन में अपनी मूल्यवान रचनात्मक सहभागिता देकर वर्तमान साहित्य को समृद्ध करने के उद्देश्य से तेज देवांगन देवपुरी द्वारा लिखित सारगर्भित रचनाओं के लिए कमल रत्न सम्मान प्रदान किए गए हैं। नगर निगम जगदलपुर के पेयजल शाखा धरमपुरा में पेयजल प्रभारी के रूप में कार्यरत श्री देवांगन को पूर्व में भी वर्ष 2013 में भी प्रभात साहित्य परिषद भोपाल मध्य प्रदेश द्वारा प्रख्यात रचनाकार रमेश नंद द्वारा संपादित आम लोग कहानी संग्रह में श्री देवांगन के दो आंचलिक कहानियां को उत्कृष्ट रचनाओं के लिए महेश जोशी सम्मान से नवाजे जा चुके हैं। भारत के प्रतिभाशाली कवि शीर्षक से प्रकाशित राष्ट्रीय साझा काव्य संकलन में भी श्री देवांगन की रचनाएं प्रकाशित हुई है। इस संकलन में उन्होंने बस्तर की संस्कृति पर आधारित रचनाएं में बस्तर हूं, शीर्षक से गजल लिखें है।



## महिला एवं बाल विकास विभाग ने आयोजित किया बिटिया सम्मान कार्यक्रम

# विधायक और महापौर ने किया मेधावी छात्राओं को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में बिटिया सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक किरण देव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना की कल्पना को साकार करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को सम्मानित करना और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाना था।

देव ने कहा कि हमारे देश में मातृशक्ति को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है और आज हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। उन्होंने कहा, हमारी बेटियां आज किसी भी क्षेत्र में अपनी प्रतिभा के साथ नए आयाम गढ़ रही हैं। उन्होंने बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ पर आधारित नुक्कड़ नाटक की सराहना की और जोर देकर कहा कि बाल विवाह एक कानूनी अपराध है, जो भविष्य को अंधकारमय बना देता है।





महापौर संजय पांडे ने विभाग को बधाई देते हुए कहा, आज देश की मातृशक्ति हर क्षेत्र में आगे है। नारी शक्ति राष्ट्र शक्ति है। कार्यक्रम में सभी ने बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसमें बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया, साथ ही स्वास्थ्य जांच शिविर और विभागीय प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने प्रदर्शनी स्टॉलों का अवलोकन किया और महिलाओं से चर्चा की। इस अवसर पर जिले की दसवीं और बारहवीं कक्षा की मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, त्रिवेणी रंघारी, श्वेता बघेल, पार्षद आशा साहू, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज सिन्हा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक सहित अन्य जनप्रतिनिधि, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# जूडो स्पर्धा के लिए बस्तर की टीम रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ 25 वीं राज्य स्तरीय सब-जूनियर, कैडेट जूडो स्पर्धा 13 से

छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के तत्वावधान में बिलासपुर जिला जूडो संघ द्वारा 25 वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर एवं कैडेट जूडो प्रतियोगिता (बालक-बालिका) का आयोजन खेल परिसर सकरी रोड, सरकंडा बिलासपुर में 13 से 14 सितम्बर तक आयोजित कर रहा है। इसके लिए बस्तर से 22 खिलाड़ी 4 अधिकारी के साथ 26 सदस्यों की टीम रवाना हो गई है। कोच अब्दुल मोईन के अनुसार प्रदेश संघ के सचिव शंभुराम सोनी ने बताया कि राज्य जूडो संघ नियमित रुप से राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में प्रदेश के 23 जिला जूडो संघों को आमंत्रित किया गया है। प्रतियोगिता में राज्य के पंजीकृत जूड़ो खिलाड़ी एवं अधिकारी भाग ले सकते हैं। सब जुनियर जूडो प्रतियोगिता हेतु खिलाड़ी 12 वर्ष से अधिक एवं 15 वर्ष से कम अर्थात 2011, 2012 एवं 2013 में मध्य जन्म लिए खिलाड़ी पात्र होंगे। उसी प्रकार कैडेट खिलाड़ी 15 वर्ष से अधिक एवं 18 वर्ष से कम के जूड़ाकाओं जो कि वर्ष 2008, 2009 एवं 2010 के मध्य जन्म लिए हो भाग ले सकते हैं। भाग लेने वाले समस्त जूडो खिलाड़ियों को पंजीयन के समय आपनी जन्म प्रमाण पत्र, अध्ययनरत शाला के प्राचार्य का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं शासकीय अस्पताल से प्राप्त एवीटी ऐज वेरिफिकेशन टेस्ट प्रस्तुत करना होगा। प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी ने बताया कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं से ही चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व करने भेजा जाता है। आज राज्य के अनेक खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा रहे हैं।

# रैदु जिलाध्यक्ष एवं सचिव बने भरत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिला बस्तर सरपंच संघ के पदाधिकारीयों के गठन को लेकर जिला पंचायत सभागार में बैठक आयोजित हुई। जिसमें सर्वसहमति से रैदू नाग को सरपंच संघ के बस्तर जिला अध्यक्ष व सचिव भरत कश्यप को बनाया गया है। इसी तरह कार्यकारिणी अध्यक्ष गोपाल कश्यप, उपाध्यक्ष संतोषी मौर्य, ईश्वर मण्डावी, सुरेश कश्यप, भवर मौर्य, दशमी कश्यप, चंद्रशेखर ठाकुर, महादेव बाकड़े, कोषाध्यक्ष संतोष कश्यप, संरक्षक मेघनाथ व दुर्गावती, मिडिया प्रभारी विनेश्वर को नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर उपस्थित समस्त सरपंचगणो ने सभी नए पदाधिकारीयों को अपनी शुभकामनाएं व बधाइयाँ दी हैं। विदित हो कि क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए निरंतर अपनी आवाज उठाने के साथ जनमुद्दों। सभी ने कहा कि हम सब मिलकर आपसी सामंजस्य से बेहतर ढंग से आगे बढ़ेंगे। इस दौरान उनके समर्थकों में हर्ष व्याप्त है एवं सब ने अपनी शुभकामनाएं उन्हें दी है। इस दौरान ब्लाक सरपंच संघ अध्यक्ष तोकापाल पीलाराम कश्यप, लिबरू नाग दरभा अध्यक्ष, सुनील कश्यप बस्तर अध्यक्ष, सीताराम मण्डावी लोहण्डीगुड़ा अध्यक्ष, रीमाधर बघेल बकावंड अध्यक्ष सहित सैकड़ों सरपंच उपस्थित थे।

# राज्य की प्रगति कैसे हो इस पर महाविद्यालय के विधार्थियो ने खुलकर रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में साहित्यिक स्पर्धा



छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को साहित्यिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं के लिए भाषण प्रतियोगिता,ग्रुप डिस्कशन एवं छत्तीसगढ़ राज्य प्रश्नावली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस दौरान भाषण प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ का सामाजिक एवं आर्थिक विकास विषय मे हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़कर राज्य के प्रगति के लिए विभिन्न सुझाव साझा दिए। छत्तीसगढ़ के विकास में औद्योगीकरण की भूमिका पर छात्रों द्वारा ग्रुप डिस्कशन किया गया। जिसमें किस प्रकार राज्य की प्राकृतिक संपदाओं का प्रयोग करके विकसित छत्तीसगढ़ एवं विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है पर चर्चा की गई। छत्तीसगढ़ से संबंधित सामान्य ज्ञान पर क्विज प्रतियोगिता भी हुई जिसमें राज्य के विभिन्न पहलुओं पर प्रश्नों का उत्तर देते हुए छात्रों ने राज्य के प्रति अपना जुड़ाव प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव, कार्यक्रम के संयोजक विमल कुमार रात्रे, कल्पना मांडवी,संध्या प्रसाद, फागूराम साहू एवं अन्य प्राध्यापक सम्मलित थे। कार्यक्रम की निर्णायक समिति के सदस्य रहे दीवाकांति निषाद, डॉ मेखला चट्टोपाध्याय, निवेदिता क्वेरी, चंद्रप्रभा कोसरे, स्वीटी साहू एवं हेमंत बघेल समेत व्याख्यातागण, स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण सम्मलित थे।

# शिक्षकों ने बाढ़ पीड़ित 94 परिवारों को दिए राहत सामग्री

**जगदलपुर।** सहायक शिक्षक-समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक लोहंडीगुड़ा ने ग्राम पंचायत मांदर के बाढ़ प्रभावित 94 परिवारों को 94 नग स्टील ड्रम, 94 नग स्टील बाल्टी, 94 नग स्टील मग वितरण किया। बाढ़ प्रभावित परिवारों के सहयोग के लिए विकास खंड लोहंडीगुड़ा के सभी प्रधान अध्यापक, शिक्षक, सहायक शिक्षक एवं व्याख्याताओ ने सामूहिक अंशदान करीब 234 शिक्षकों ने बाढ़ प्रभावितों के लिए सहयोग किए। ब्लॉक अध्यक्ष कमलसाय कश्यप के द्वारा एवं उनकी टीम के द्वारा इस नेक कार्य के लिए बढ़कर चढ़कर प्रयास किया गया एवं सभी के सहयोग से बाढ़ प्रभावित लोगों को सामग्री बांटकर उनके चेहरे पर एक छोटी सी मुस्कान लाने का प्रयास किया गया। ग्रामीणों ने संगठन के इस कार्य के लिए संघ का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी शालिनी तिवारी,फेडरेशन के जिला अध्यक्ष देवराज खूंटे, जिला सचिव गणेश्वर नायक, जिला सहसचिव एसएस जॉन, जिला मीडिया प्रभारी दुर्गेश कुंजाम, मंडल अध्यक्ष मंगतू राम कश्यप ग्राम सरपंच, उपसरपंच की आथित्य में वितरण किया गया।



ड्राईवर चाहिए
अनुभवी व प्रशिक्षित ड्राईवर की अतिशीघ्र आवश्यकता है।
पहचान व वाहन चालन से जुड़े आवश्यक दस्तावेजों के साथ तत्काल संपर्क करें
बंसल नर्सिंग होम बालाजी वार्ड, जगदलपुर
मोबाइल- 9340001521

# बस्तर में भी चलेगा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारत सरकार की महिला, बच्चों के स्वास्थ्य पर आधारित योजना स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान संपूर्ण छत्तीसगढ़ में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक का चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के महिला और बच्चों के स्वास्थ्य की जांच और उपचार हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह स्वास्थ्य शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर और आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से महिला और बच्चों के बीमारियों की स्क्रीनिंग और जन जागरूकता अभियान, जन आरोग्य मंदिर स्तर तक पहुंचने का कार्य किया जाएगा। इस तरह के कैंप पूरे निजी अस्पताल और नर्सिंग होम में भी आयोजन करने के लिए इनके संचालकों से संबंध स्थापित कर एनसीडी, कैंसर स्क्रीनिंग, एएनसी जांच और एमसीपी कार्ड का वितरण कर, टीकाकरण कार्य, टीबी स्क्रीनिंग, सिकल सेल जांच के साथ-साथ आयुष से संबंधित सभी सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जाएगी। इसी संदर्भ में आज स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ के आयुक्त सह संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपूर्ण छत्तीसगढ़ के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन और जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशित करते हुए आवश्यक कार्य योजना बनाकर कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

# आप ने की पार्किंग व्यवस्था सुधारने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ शहर में बेतरतीब खड़े वाहनों से लोगों को रही परेशानी



आम आदमी पार्टी बस्तर के वरिष्ठ नेता समीर खान ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि शहर लगातार विकास की दिशा में बढ़ रहा है लेकिन इस विकास के साथ शहर की प्रमुख समस्याएं जैसे ट्रैफिक जाम, पार्किंग की कमी और नागरिक सुरक्षा भी विकराल रूप ले रही हैं। खान ने बताया कि शहर में सड़कों पर बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों के कारण आम जनता को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद नगर निगम ने अब तक कोई प्रभावी पार्किंग व्यवस्था विकसित नहीं की है। जबकि नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत प्रतापगंज पारा जैसे क्षेत्रों में पर्याप्त खुली भूमि उपलब्ध है,जहां आधुनिक वाहन पार्किंग सुविधा विकसित की जा सकती है।

उन्होंने आगे कहा कि नगर निगम और प्रशासन की निष्क्रियता के कारण न सिर्फ यातायात प्रभावित हो रहा है, बल्कि शहर की सुरक्षा व्यवस्था भी खतरे में है। कई जगहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे बंद पड़े हैं, और नए कैमरे लगाने को लेकर भी नगर निगम गंभीर नहीं दिख रहा है। एक बढ़ते हुए शहर के लिए यह स्थिति चिंताजनक है, खासकर जब हर दिन लाखों लोग बाहर से जगदलपुर में आ-जा रहे हैं। खान ने यह भी सवाल उठाया कि डबल इंजन की सरकार होते हुए भी नगर निगम इस गंभीर विषय पर चुप क्यों है? क्या आम जनता की सुरक्षा और सुविधा उनके एजेंडे में नहीं है। आम आदमी पार्टी नगर निगम से मांग करती है कि शहर में जल्द से जल्द सुनियोजित पार्किंग व्यवस्था बनाई जाए। शहर के प्रमुख स्थानों पर सक्रिय और उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। पुलिस प्रशासन और नगर निगम समन्वय बनाकर सुरक्षा और ट्रैफिक नियंत्रण की स्थायी व्यवस्था करें। आम जनता को इस बारे में नियमित जानकारी दी जाए और पारदर्शिता बरती जाए।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411